**दिनांक : 02.05.2025** **समय : 07.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

1.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हित में काम कर रही हैण्

2.प्रदेश भर में मनाया गया श्लाड़ली लक्ष्मी उत्सवश् ।

3.वेव्स सम्मेलन में विशेषज्ञों ने भारत को रेड़ियों का सबसे बड़ा बाजार बताया। और

4.प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, कई इलाकों में आंधी और गरज-चमक के साथ हुई बारिश।

अब समाचार विस्तार से—

--------------------

**प्रधानमंत्री-आंध्र प्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश ने पिछले दस वर्षों में भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर ध्यान केंद्रित किया है। आज आंध्रप्रदेश की राजधानी अमरावती में पुनर्निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी और 58 हजार करोड़ रुपये की सड़क और रेल परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हित में काम कर रही है.

लाडली लक्ष्मी उत्सव

प्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत आज बालिकाओं के लिए लाड़ली लक्ष्मी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन इन्दौर में जाल सभागृह आयोजित हुआ। वहीं मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने भोपाल हवाई अड्डे पर 25 लाड़ली लक्ष्मियों के साथ मिलकर पौध रोपण किया। उन्होंने बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए इसे एक अच्छी योजना बताया।

सागर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि जिले की 1 लाख 68 हजार बेटियां-लाडली लक्ष्मी बन गई है। हरदा में जनपंचायत परिसर में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजीकृत बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिये गये। शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह योजना न केवल बेटियों को आर्थिक संबल देती है बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है।

राष्ट्रपति बुजुर्ग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि वरिष्ठ नागरिक परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वे परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। राष्ट्रपति भवन में आज एजिंग विद डिग्निटी नामक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि समाज के मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ नागरिकों की सलाह महत्वपूर्ण है।

**पुलिस पदोन्नति**

मध्य प्रदेश में तबादलों से बैन हटने के बाद अब पुलिस अधिकारियों की पदोन्नति का सिलसिला भी शुरू हो गया है। गृह विभाग ने 26 पुलिस इंस्पेक्टर को कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक-DSP के रूप में पदोन्नत किया है। आदेश में विशेष शर्तें भी जोड़ी गई हैं कि यदि सूची में शामिल किसी अधिकारी के विरुद्ध शिकायत, न्यायालयीन मामला या विवाद सामने आता है, तो उसका निराकरण पुलिस मुख्यालय स्तर पर ही किया जाएगा।

**वेव्स - रेडियो**

आज मुंबई में वेव्स 2025 में रेडियो के बदलते दौर विषय पर एक पैनल चर्चा में वैश्विक विशेषज्ञों ने भाग लिया। चर्चा में भाग लेते हुए प्रसार भारती के पूर्व सीईओ शशि शेखर वेम्पती ने कहा कि भारत रेडियो के लिए सबसे बड़ा बाजार है, और उन्होंने इस माध्यम को मूल सार्वजनिक वस्तु बताया। उन्होंने इस क्षेत्र के लिए समन्वित सार्वजनिक कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत में रेडियो उपभोक्ता समाज के विभिन्न वर्गों से आते हैं। श्री वेम्पती ने कहा, एआई संचालित उपकरणों के साथ-साथ पारंपरिक रेडियो का महत्त्व भी बना हुआ है ।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्य के कई हिस्सों में पिछले दो दिनों से तेज़ आंधीए गरज-चमक और बारिश देखने को मिली है। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों तक भी इसी तरह की गतिविधियों के बने रहने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई सुरेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि-

राज्य के पश्चिमी हिस्सों सहित कई जिलों में बीते दो दिन से थंडरस्टॉर्म और बारिश की घटनाएं हुई हैं। फिलहाल पूरे प्रदेश में तूफानी गतिविधि सक्रिय है और अगले कुछ दिनों तक यह सिलसिला जारी रह सकता है।उन्होंने बताया कि एक-दो दिन में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

**शहडोल पीएम आवास**

शहडोल जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2024 का सर्वे की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा योजना को आगामी 5 साल के लिए मंजूरी दी गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि आवास प्लस की सूची अद्यतन करने के लिए आवास प्लस का सर्वे जारी है। योजना के तहत स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्रवाई की गई है। सर्वे का काम 30 अप्रैल तक किया जाना था लेकिन सर्वे की समय सीमा बढ़ाकर अब 15 मई कर दी गई है।

**कांग्रेस जाति गणना**

कांग्रेस पार्टी द्वारा आज आयोजित एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में जातिगत जनगणना को लेकर पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। पार्टी नेताओं ने इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि जातिगत आंकड़ों के बिना योजनाएं अधूरी और पक्षपातपूर्ण बनी रहेंगी। कांग्रेस नेताओं ने निजी क्षेत्र और शिक्षा में OBC, SC, ST वर्गों की भागीदारी पर चिंता जताई।

समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा के ओंकारेश्वर में चल रहे पांच दिवसीय एकात्म पर्व का आज समापन हो गया । समापन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी सहित कई संत और अधिकारी मौजूद रहे।

- अनूपपुर जिले में 64 हजार सदस्यों का ई-केवाईसी होना शेष है। इसलिए शासन ने ई-केवाईसी की तिथि में 15 मई तक की वृद्धि की है।
- सातवी लघु सिंचाई संगणना को लेकर आगरमालवा में पटवारियों को दिए गए प्रशिक्षण में इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
- बैतूल में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पुलिस ग्राउंड में 740 जोड़ों का भव्य रूप से विवाह संपन्न कराया गया। केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके सहित कई प्रमुख व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुए.
- शहडोल पुलिस को 80 नए आरक्षक मिल गए हैं। इनमें से 60 आरक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने शासकीय नवीन कन्या अंग्रेजी माध्यम आश्रम में संचालित बारहमासी हॉस्टल का निरीक्षण किया।
- पन्ना जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत इटवांखास के बंदरखोह में आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान में हिस्सा लिया
- शिवपुरी आज एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत की एक छत गिर जाने से उसमें चार मजदूर दब कर घायल हो गए. उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है ।

.............................